कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़ रायपुर

क्रमांक/छा./16/2016–17/ 16227 रायपुर, दिनांक 16/03/2017

वर्ष 2016–17 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन हेतु विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक आदि के संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण की पात्रता है को सूचित किया जाता है कि **अंतिम अवसर प्रदान करते हुए शिक्षा सत्र 2016–17 हेतु** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति **(कक्षा 11वी एवं 12वी को छोड़कर)** के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही **tribal.cg.gov.in/escholarship (mpsc.mp.nic.in/cgpms)** वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव/स्वीकृति लाक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 में निम्नानुसार अंतिम तिथि निर्धारित की गई है :–

क	प्रकिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण)	25 मार्च 2017
2	Draft Proposal Lock करने हेतु	28 मार्च 2017
3	Sanction Order Lock करने हेतु	31 मार्च 2017
4	KYC जमा करने की अंतिम तिथि	05 अप्रैल 2017

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2016–17 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेंगे एवं draft proposal अथवा sanction order lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

नोट :–

1. अनु.जनजाति वर्ग के जिन विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में National Scholarsip Portal (scholarships.gov.in) पर आवेदन किया जा चुका है ,उन्हें भी पुनः विभाग की वेबसाइट **(tribal.cg.gov.in/escholarship)** पर आवेदन करना अनिवार्य है।
2. दिनांक 05.04.2017 के पश्चात् किसी भी संस्था की KYC स्वीकार नहीं की जायेगी।

(चन्द्रकान्त उईके)
संचालक 16/3/17.
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, नया रायपुर, छ0ग0

37062